## एक नजर में

### नीरज कक्कड़ श्रीनारायण नगर गृह निर्माण समिति के पुन: उपाध्यक्ष बने




**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम 1962 के अंतर्गत रिटर्निंग अधिकारी आकाश अग्रवाल द्वारा सोसाइटी के संचालक मंडल के चुनावों नियमानुसार सम्पन्न हुए। श्री नारायण नगर गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित बुरहानपुर में अध्यक्ष प्रतिभा आशीष शुक्ला एवं उपाध्यक्ष नीरज कक्कड़ को बनाया गया। संचालक रामदास सगरै ,नरेन्द्र कुमार सुगंधी ,संतोष जायसवाल ,नीलेश मूथा ,हेमंत शिंदे ,हरी बौरसे ,कृष्णदु डे , विवेक दीक्षित एवं नर्मदाबाई साहू निर्विरोध संचालक चुने गए। सभी गण्यमान्य जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा बधाई दी गई।

### वरिष्ठ साहित्यकार कवि एवं गीतकार वीरेन्द्रसिंह ठाकुर की कविताओं का होगा प्रसारण



**बुरहानपुर।** म.प्र. रेडियो आकाशवाणी केन्द्र खंडवा से वरिष्ठ साहित्यकार कवि एवं गीतकार वीरेन्द्रसिंह ठाकुर की समसामयिक रचनाओं में आदमी जिए कब तक दर्द कामनाओं में एवं अध्यात्म पर आधारित चेतना हो जागृति का प्रतीक हो का प्रसारण 18 नवम्बर प्रात: 7.20 पर होगा ।रचनाकार सुश्री सुनीता चौकसे समिधा ष्की ज्वलंत विषय पर आधारित रचना भारत की बेटियां बेटों से कम नहीं रचना का प्रसारण 19 नवम्बर सुबह 10 . 35 बजे होगा ।उपस्थित साहित्यकारों ने केन्द्र निदेशक श्री चिन्मय दीक्षित के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की ।

### जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन




**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक खकनार जिला बुरहानपुर में जिला समन्वयक मनीष कुवादे जी व खकनार ब्लॉक समन्वयक अमजद खान नवांकुर संस्था समिति समस्त व परामर्शदाता द्वारा के द्वारा जनजातिय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। धरती आभा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वी जन्म जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कक्षा के अंतर्गत किया गया किया गया जिसमें भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला परामर्शदाता द्वारा बताया गया कि धरती आभा भगवान बिरसा मुंडा राष्ट्र के स्वाधीनता संग्राम में अपना अहम योगदान दिया मात्र 25 वर्ष की आयु में उन्होंने देश के को आदिवासी समाज और युवाओं का जो योगदान आजादी में दिया है वो अदभुत है उन्होंने अंग्रेजों से लोहा लेते हुए उनकी नाक में दम कर दिया और स्वतंत्रता की एक लो जलाई ऐसे महापुरुष को आज हम सभी नमन करते हैं। इस अवसर पर छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। परामर्शदाता वी नवांकु संस्था प्रतिनिधि उपस्थित है।

### ताप्ती पुल पर बड़ा हादसा टला, शिकारपुरा पुलिस की सूझबूझ से किन्नर की बची जान



**बुरहानपुर।** ताप्ती बड़े पुल पर शुक्रवार की शाम एक बड़ा हादसा होते.होते टल गया जब लालबाग क्षेत्र में रहने वाली मीनाक्षी किन्नर ने अचानक पुल से छलांग लगा दी। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी ।सूचना मिलते ही थाना शिकारपुरा की टीम तेज़ी से मौके पर पहुंची और बिना एक पल गंवाए बचाव अभियान शुरू किया। पुलिस की मुस्तैदी और त्वरित कार्रवाई के कारण मीनाक्षी की जान सुरक्षित बचाई जा सकी। बचाव दल का नेतृत्व कर रहे प्रधान आरक्षक शेख जाकिर ओर पायलट शहजादा वसीम जो 112 डायल यूनिट के साथ मौके पर पहुंचे थे, ने अपनी सूझबूझ और बहादुरी से मीनाक्षी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना के दौरान मौके की नाज़ुक स्थिति को देखते हुए पुलिसकर्मियों ने न सिर्फ भीड़ को नियंत्रित किया , बल्कि मेडिकल सहायता भी तत्काल उपलब्ध कराई। बचाव के बाद मीनाक्षी किन्नर को प्राथमिक उपचार के लिए उनके साथी जोया किन्नर की मौजूदगी में जिला अस्पताल रवाना किया गया। चिकित्सकों के अनुसार मीनाक्षी की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पुलिस घटना के पीछे के कारणों की जांच कर रही है और यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिरकार मीनाक्षी ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। स्थानीय नागरिकों ने शिकारपुरा पुलिस और खासतौर पर प्रधान आरक्षक शेख जाकिर की तेज़ कार्रवाई की सराहना की है। यदि पुलिस समय पर ना पहुंचती तो हालात बेहद गंभीर हो सकते थे। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि 112 डायल और पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया कितनी महत्वपूर्ण होती है। ताप्ती पुल पर हुई इस घटना ने शहर में सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े किए हैंए वहीं पुलिस की तत्परता ने एक जिंदगी को बचाकर मानवता की मिसाल पेश की है।

### राष्ट्रीय जांच एजेंसी की बुरहानपुर में एंट्री , रात में पहुंचकर सुबह लौट गई , चर्चा दिल्ली धमाके से जुड़े डॉक्टर की तलाश

**बुरहानपुर।** शनिवार को सबसे ज्यादा चर्चा राष्ट्रीय जांच एजेंसी की , उस गुप्त टीम की रही, जो शुक्रवार देर रात बुरहानपुर पहुंची और बिना किसी शोर.शराबे के सुबह रवाना भी हो गई। टीम ने स्थानीय पुलिस से संपर्क नही किया और न ही किसी औपचारिक चर्चा का संकेत छोड़ा। इस गतिविधि ने पूरे जिले में सस्पेंस बढ़ा दिया है। सूत्रों की मानें तो यह टीम दिल्ली के लाल किले के सामने पार्किंग में चलती कार में हुए बम धमाके की जांच के सिलसिले में यहां आई थी। इस धमाके में 13 लोगों की मौत हुई थी। केस खुलने के बाद जांच एजेंसी की नजर अल फ्लाह यूनिवर्सिटी से जुड़े कुछ डॉक्टरों पर गई थीए जिनके तार जांच में संदिग्ध रूप से सामने आए हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम कथित तौर पर यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले एक डॉक्टर की तलाश में बुरहानपुर पहुंची थी। शहर में चर्चाएं हैं कि टीम ने कुछ जगहों पर डिस्क्रीट पूछताछ भी कीए लेकिन इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि किसी स्तर पर नहीं हो सकी। बुरहानपुर के सीएसपी गौरव पाटिल ने साफकहा राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए के आने की जानकारी तो हैए लेकिन उन्होंने स्थानीय पुलिस से एक भी संपर्क नहीं किया। इसलिए हम आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कह सकते। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इन दिनों एनआईए कई राज्यों में अल फ्लाह यूनिवर्सिटी से जुड़े डॉक्टरों की तलाश कर रही है।

# श्रमिकों के वेतन की मांग : मजदूर यूनियन ने हाईकोर्ट में लगाई रिट याचिका

**प्रदेश के विभिन्न श्रमिक संगठन बुरहानपुर में एकजुट**
**निर्णय बाध्यकारी होगा, नहीं मानने पर राज्यव्यापी हड़ताल का ऐलान**



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** टेक्सटाइल उद्योगों में कार्यरत हजारों श्रमिकों के लंबित बढ़े हुए वेतन की मांग को लेकर बुरहानपुर मज़दूर यूनियन ने रविवार को स्थानीय गणपति मंदिर में एक महत्वपूर्ण सभा का आयोजन किया। इस सभा में मध्य प्रदेश के विभिन्न प्रमुख श्रमिक संगठनों को आमंत्रित किया गया, जहां सभी ने एकजुट होकर श्रमिकों के हित में बढ़े हुए वेतन का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की। यह आयोजन बुरहानपुर मजदूर यूनियन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसमें श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक संकल्प लिया गया।

बतादे कि बुरहानपुर में टेक्सटाइल उद्योगों में कार्यरत लगभग 10,000 श्रमिकों ने 18 महीनों से लंबित वेतन वृद्धि की मांग को लेकर कामबंद हड़ताल का ऐलान किया था। इस हड़ताल के कारण दर्जनों कारखानों में उत्पादन पूरी तरह ठप हो गया था। श्रमिकों का आरोप था कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन वृद्धि का लाभ उद्योगपतियों द्वारा श्रमिकों तक नहीं पहुंचाया जा रहा है। इसके बजाय, कारखाना मालिक पुराने वेतन पर ही काम करवा रहे हैं और वेतन बढ़ोतरी की मांग पर धमकी देकर श्रमिकों को बर्खास्त करने की कोशिश कर रहे हैं।

बुरहानपुर मजदूर यूनियन के नेतृत्व में सैकड़ों श्रमिकों ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन किया था। इस दौरान कलेक्टर के नाम एसडीएम अजमेर सिंह गौड़ को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें वेतन वृद्धि का तत्काल भुगतान, कारखाना मालिकों पर कार्रवाई और श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा की मांग की गई। एसडीएम ने उद्योगपतियों और श्रमिक प्रतिनिधियों की बैठक बुलाकर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया था।

मज़दूर यूनियन अध्यक्ष ठाकुर प्रियांक सिंह ने उस समय कहा था कि बुरहानपुर के दर्जनों कारखानों में कार्यरत 10 हजार से अधिक मजदूर काफी आक्रोशित हैं। सरकार द्वारा बढ़ाया गया वेतन का भुगतान उन्हें नहीं किया जा रहा है। कारखाना मालिक मनमानी कर रहे हैं। कई बार कलेक्टर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई, बावजूद इसके मजदूरों की सुनवाई नहीं हो पा रही है। अब प्रशासन को मजदूरों के हित में निर्णय लेना चाहिए।

**सामूहिक एकजुटता और मांगें:-** गणपति मंदिर में आयोजित सभा में मध्य प्रदेश के विभिन्न श्रमिक संगठनों ने शिरकत कीए जिनमें बुरहानपुर मजदूर यूनियन, सीटू, सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन,मध्य प्रदेश श्रमिक अधिकार मंच आदि प्रमुख थे। इन संगठनों के प्रतिनिधियों ने टेक्सटाइल श्रमिकों के बढ़े हुए वेतन की मांग को पूरे राज्य स्तर पर समर्थन दिया और स्थानीय प्रशासन एवं राज्य सरकार से तत्काल कार्रवाई की अपील की।

बुरहानपुर मजदूर यूनियन के अध्यक्ष ठाकुर प्रियांक सिंह ने कहा कि श्रमिकों को बढ़ा हुआ वेतन न देने वाले शासन.प्रशासन को अब कोई बहाना नहीं चलेगा। हमने हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल कर दी है, जिसका निर्णय बाध्यकारी होगा। यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो श्रमिक आंदोलन को और तेज किया जाएगा। आज यहां मध्य प्रदेश के सभी संगठनों का एकजुट होना श्रमिक वर्ग की ताकत का प्रतीक है। सीटू संगठन के प्रदेश सचिव जी. एन. सहरावत ने अपनी बात रखते हुए कहा श्रमिकों का शोषण अब बर्दाश्त नहीं होगा। सरकार द्वारा घोषित वेतन वृद्धि का लाभ हर श्रमिक तक पहुंचना चाहिए। उद्योगपति पूंजीवाद के नाम पर श्रम कानूनों का उल्लंघन कर रहे हैं, जिसके खिलाफ हम सब एकजुट हैं।

मध्य प्रदेश श्रमिक अधिकार मंच के अरुण बेलदार ने कहा कि बुरहानपुर के टेक्सटाइल श्रमिक न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, बल्कि पूरे देश के श्रमिक आंदोलन का हिस्सा हैं। उनकी मांग न्यायपूर्ण है और हम इसे राज्य स्तर पर उठाएंगे। प्रशासन को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए, वरना आंदोलन व्यापक रूप ले लेगा। सभा में अन्य प्रतिनिधियों ने भी श्रमिकों के हितों की रक्षा, न्यूनतम वेतन अधिनियम के कड़ाई से पालन, कारखाना मालिकों पर जुर्माना लगाने और श्रमिक कल्याण योजनाओं को लागू करने की मांगें उठाईं। सभा का समापन एक सामूहिक संकल्प के साथ हुआए जिसमें सभी संगठनों ने श्रमिकों के पक्ष में एकजुट रहने का वादा किया।

**आगे की योजना:-** बुरहानपुर मजदूर यूनियन ने स्पष्ट किया है कि यदि वेतन वृद्धि का भुगतान नहीं किया गया, तो राज्यव्यापी हड़ताल का ऐलान किया जाएगा। संगठन ने सभी श्रमिक भाइयों.बहनों से एकजुट रहने और आंदोलन में भाग लेने की अपील की है। यह आंदोलन न केवल बुरहानपुर के टेक्सटाइल श्रमिकों की मांगों का प्रतीक है, बल्कि पूरे मध्य प्रदेश के श्रमिक वर्ग के अधिकारों की लड़ाई का हिस्सा है। हम अपेक्षा करते हैं कि राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन श्रमिकों के हित में तत्काल कदम उठाएंगे।

## एसआईआर में सामने आए युवा मददगार



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** न्यामतपुरा में बुथ नंबर 202,203 नंबर में आज अधिवक्ता शाकीर साहब, सलीम खान अजमल बैटरी वाले, शेख मुश्ताक कॉटन वाला आदि लोगों ने एसआईआर के फॉर्म वार्ड में से ही भरवाने में मदद का कार्य शुरू कर दिया। जिसे आम नागरीको ने अनुकरणीय बताया ,अपेक्षा की है कि राजनितिक दल इसका अनुसरण करेगें।

## नेशनल मूवमेंट ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर 25 नवंबर को दिल्ली में महारैली



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** नेशनल मूवमेंट ऑफ़ ओल्ड पेंशन स्कीम के प्रांतीय संयोजक कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 नवम्बर 2025 को श्री विजय कुमार बंधु राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली,निजीकरण व निगमीकरण की समाप्तिएआरण् टी.ई.के पहले टी.ई.टी. की अनिवार्यता समाप्त करें के मुद्दों को लेकर दिल्ली में संवैधानिक महारैली को आयोजन किया गया है। ज्ञातव्य होवे कि भारत सरकार ने 2004 में नेशनल पेंशन स्कीम केन्द्रीय कर्मचारियों एवं 2005 में सभी राज्यों ने लागू किया जिसका विरोध विजय कुमार बंधु राष्ट्रीय अध्यक्ष नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के नेतृत्व में विगत 15 वर्षों से चल रहा है। जिसके दबाव में आकर भारत सरकार ने 24 अगस्त 2024 को यूनिफाइड पेंशन स्कीम की घोषणा कर 1 जनवरी 2025 से केन्द्रीय कर्मचारियों पर लागू किया गया है जिसमें आज दिनांक तक मात्र 3: कर्मचारियों ने स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री भारत सरकार से आग्रह है, एक बार नेशनल पेंशन स्कीमए यूनिफाइड पेंशन स्कीम एवं ओल्ड पेंशन स्कीम को स्वीकार करने का खुला अवसर देना चाहिए ताकि हम सब पुरानी पेंशन बहाली के आन्दोलन को समाप्त की घोषणा कर सकें।

जिला अध्यक्ष अनिल बाविस्कर, श्रीमती प्रमिला सगरे, संयोजक विजय राठौड़ ,श्रीमती कल्पना पवार एवं संयुक्त मोर्चा के डॉक्टर अशफाक खान, धर्मेंद्र चौकसे, राजकुमार मंडलोई, अजेक्स के राजेश साल्वे, मंडी कर्मचारी महासंघ के सदानंद कापसे, हीरालाल प्रजापति, राजेश पाटील, सचिन हबीर, योगेश सावकारे द्वारा आह्वान किया गया।

## हाईवे में भूमि अधिग्रहण : निर्माण से खेत का रास्ता बंद




**नवभारत न्यूज, इच्छापुर।** नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। लेकीन जितनी भूमि अधिग्रहण करना थी , उससे भी अधिक अधिग्रहण करके किसान का रास्ता पुरी तरह बंद कर दिया है। किसान शांतीलाल दहे ,आनंद दहे ,ज्योति दहे ने जानकारी में बताया कि हमारे भूमी खसरा नंबर 95/1/1 रकबा 05240हक्टेअर का व्यायालय में सीमाकोन का आवेदन प्रस्तुत किया गया था। उक्त संबंध में ग्राम पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक शाहपुर के द्वारा आवेदित भूमी का सयुक्त रूप से सीमांकन किया जाकर सीमाकंन प्रतिवेदन मय पंचनामा प्रस्तुत किया गया है। जिसमे प्रतिवेदीत किया गया है कि ग्राम चापोरा भुमी खसरा नबर 95/1 /1 रकबा 05240 है। भूमी एनएचए आईसी ,नेशनल हाईवे में अधि ग्रहण पश्चात अभीलेख में आनंद पिता शांतीलाल के नाम से दर्ज है हमारी भूमी पर निर्माण कार्य करने से हमारे खेती में हम कैसे जा सकते है । फसल की बुवाई. केला कटाई,गाडी., बैल, खेती में लगने वाले उपकरण कैसे खेतो में जा सकते है। कई बार संबधित अधिकारीयो से हमने इस सबंध में विस्तृत रूप से चर्चा भी कर चुके है। लेकीन अधितक भी हमारा कोई हल नहीं निकला गया। केला पूरी तरह झाड पर पक गया है। ना तो गाडी बैल जा सकती है। ना ही मजदूर , इतनी परेशानी होने के बावजूद कोई हल नहीं निकल रहा है। जिला प्रशासन एवं सरकार पहल कर हमे न्याय दिलाए।

## बुरहानपुर में हैरिटेज वॉक : युवाओं ने जाना शहर का गौरवशाली इतिहास

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** आज बुरहानपुर बुकीज़ क्लब द्वारा अनज़िप बुरहानपुर और एमके पाठशाला के सहयोग से शहर में हैरिटेज वॉक का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के अनेक युवा, छात्र.छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और बुरहानपुर के समृद्ध इतिहास को करीब से जानने का अवसर प्राप्त किया। हैरिटेज वॉक के दौरान शहर के प्रसिद्ध इतिहासकार नौशाद सर ने बुरहानपुर के ऐतिहासिक स्थलों, स्थापत्य और सांस्कृतिक धरोहरों को बेहद रोचक और सरल रूप से प्रस्तुत किया, जिसे प्रतिभागियों ने बड़े ध्यान से सुना और सराहा। कार्यक्रम में कंचन मालानी, प्रज्ञा लोंधे, वैष्णवी और सौरभ गुरव द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएँ एवं समूह खेल आयोजित किए गए, जिनमें युवाओं ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर बुरहानपुर बुकीज़ क्लब की संस्थापक कंचन गुरवए अनज़िप बुरहानपुर के संस्थापक रमजान तड़वीए एमके पाठशाला के संस्थापक आसिफ़ सरए डॉण् आशीष तलरेजाए सेवानिवृत्त शिक्षक रमणलाल कुशवाहए करण राजपूतए सिद्धांत गुप्ता आदि गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन क्लब के सह.संस्थापक पंण् कपिल मिश्रा द्वारा किया गया। हैरिटेज वॉक ने युवाओं में अपने शहर की ऐतिहासिक धरोहरों को लेकर नई रुचि और जागरूकता पैदा की। यह आयोजन सभी प्रतिभागियों के लिए यादगार बन गया।



## शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास मालवा प्रांत की बैठक, बुरहानपुर में होगी राष्ट्रीय कार्यशाला

**भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर शिक्षा संस्कृति उत्थान नई दिल्ली मालवा प्रांत की गतिविधियों पर की चर्चा**



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली मालवा प्रांत के तत्वाधान में बुरहानपुर जिले में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली मध्य प्रांत संयोजक और शिक्षा से आत्मनिर्भरता भारत के राष्ट्रीय संयोजक ओमप्रकाश जी शर्मा के कुशल मार्गदर्शन और आशीर्वाद में न्यास की गतिविधियों के तहत राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

श्री ओमप्रकाश जी शर्मा शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली शिक्षा के उत्थान और विकास के लिए कृत संकल्पित है और पूरे वर्ष भर राष्ट्र का प्रवास करते हैं उनका सपना है कि एक दिन हमारा देश भारत शिक्षा से आत्मनिर्भर अवश्य होगा।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली मालवा प्रांत के संयोजक श्री रामसागर जी मिश्र संपूर्ण मालवा प्रांत के शिक्षाविदों को जोड़कर शिक्षा की जोत जला रहे हैं इस माह में उनके निर्देशन में राष्ट्रीय कार्यशाला खरगोन में आयोजित की गई थी जिसमें देश के कौन कौन के शोधार्थी और विद्वान पधारे थे।

बुरहानपुर जिला संयोजक डॉ कृष्णा मोरे ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर शिक्षा संस्कृति उत्थान नई दिल्ली मालवा प्रांत की गतिविधियों की चर्चा बुरहानपुर की विधायक एवं पूर्व शिक्षा मंत्री अर्चना जी चिटनिस,महापौर श्रीमती माधुरी जी पटेल, जिला कलेक्टर श्री हर्ष सिंह जी से की गई।

बैठक में शिक्षाविद डॉ वीरेंद्र जी स्वर्णकार निर्झर ,न्यास के प्रो यज्ञ शरण जी दुबे ,अंकित जी ,प्रो यश दुबे ,अजय जी न्यादे ,बुरहानपुर जिला संयोजक डॉ कृष्णा मोरे उपस्थित हुए। जिसमें जिले में राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित करने पर चर्चा हुई। यह राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन मालवा प्रांत के संयोजक श्री राम सागर जी मिश्रा के मार्ग दर्शन में होंगी।

## बिहार एनडीए की जीत में हर कार्यकर्ता का पसीना



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा के राष्ट्रभक्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं भाजपा सिपाही कार्यकर्ताओं के पसीने की जीत है। जिन्होंने अपना स्वार्थ ना देखते हुए वरिष्ठ बिहार मध्यम वर्गीय पूर्व मुख्यमंत्री स्व कर्पूरी ठाकुर जी के मार्ग पर चलकर बिहार के मध्यम वर्गीय की उन्नति के लिए जो कार्य किये आज बिहार में नरेन्द्र मोदी जी की डबल इंजन की सरकार की अहम भूमिका रही है बिहार में मोदी जी एवं नितीश जी गरीबों के मसीहा बनकर बिहार की जनता का विकास में अपना योगदान दिया है। इस प्रचंड बहुमत से सरकार को सहयोग देकर एन डी ए के आदरणीय नितीश जी को पुन: मुख्यमंत्री बनने का अवसर आया है। सभी देशवासियों को बहुत.बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं।

**एक नजर** — **धूलकोट में बिरसा मुंडा जयंती पर जनजातीय गौरव कार्यक्रम का आयोजन**

# पीएम मोदी ने बिरसा मुंडा की जयंती की राष्ट्रीय स्तर पर शुरुआत की : सांसद






**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** भगवान बिरसा मुंडा अपनी धरती और जड़ों के प्रति अगाध प्रेम और सम्मान के प्रतीक थे। आज जब हम उनकी जयंती मना रहे हैं, हम इस महान व्यक्तित्व के अप्रतिम योगदान को याद करते हैं। आदिवासी संस्कृतिए सम्मान और स्वतंत्रता के लिए अथक संघर्ष करने वाले भगवान बिरसा मुंडा न केवल आदिवासी समुदाय के गौरव के प्रतीक बने, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक महान नेता भी थे।

यह बात खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को आदिवासी बाहुल्य धुलकोट क्षेत्र के शासकीय माध्यमिक शाला में आयोजित कार्यक्रम में कही उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में स्वतंत्रता के 75 वर्षों का जश्न मनाते हुए वर्ष 2021 में आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया गया था ।प्रधानमंत्री मोदी जी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की शुरुआत की। उन्होंने भोपाल स्टेशन का नाम राजमाता रानी कमलापति के नाम पर रखकर भारत के जनजातीय इतिहास को पुनर्जीवित किया है। केंद्र और राज्य सरकारें सभी वर्गों के लिए विभिन्न शासकीय योजनाओं के माध्यम से कार्य कर रही हैं।

**भगवान बिरसा मुंडा महान समाज सुधारक भी थे:-** उन्होने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने 20 साल की छोटी सी उम्र मेंवनवासी. गिरिवासी समाज में उलगुलान की चेतना जागृत करने का कार्य किया। वे केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहींए बल्कि एक महान समाज सुधारक भी थे। उन्होंने मिशनरियों के धर्मांतरण और ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफआवाज उठाई।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन केवल उनकी विरासत का सम्मान करने के लिए आदिवासी समुदाय के ही नहीं, बल्कि गौरवशाली इतिहास और संस्कृति को उजागर करने के लिए भी है। यह दिवस राष्ट्र के लिए उनके द्वारा दिए गए बलिदानों को याद करते हुए, उनकी सांस्कृतिक प्रथाओं और परंपराओं की रक्षा और संरक्षण का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी ने जनजातीय समुदाय के विकास के लिए 662 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले 133 विकास कार्यों की सौगात दी है।

कार्यक्रम के पूर्व सुक्ता फाटे पर लगी टंट्या मामा की प्रतिमा पर जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण कर रैली में शामिल हुए। रैली में आदिवासी परंपराओं का रंग बिखरेगा। ढोलए मांदल और पारंपरिक नृत्य की गूंज के बीच बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

**वरिष्ठजनों का सम्मान, विद्यार्थियों को किया पुरुस्कृत :-** कार्यक्रम में सांसद ने गांवों के पटेल, पुजारा और समाज के वरिष्ठजनों का शाल और श्रीफल से सम्मान किया, साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र.छात्राओं को पुरस्कार देकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। यह शासकीय विभागों के स्टॉल भी लगाए गये जिनमें हितग्राहियों का पंजीयन भी किया गया।